भारत सरकार
योजना मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 928**
दिनांक 08.**02**.202**3** को उत्तर देने के लिए

**आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम**

928. **श्रीमती जसकौर मीना:**
**डॉ. कलानिधि वीरास्वामी:**
**श्री कृपानाथ मल्लाह:**

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने देश में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम शुरू करने की योजना बनाई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं तथा इसके लिए अनुमानित निधि का ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रारंभ में इस कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किए जाने वाले संभावित राज्यों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देश में इस कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किए जाने वाले संभावित स्थानों की पहचान की है और यदि हां, तो राजस्थान, तमिलनाडु और असम में चिह्नित स्थानों का ब्यौरा क्या है;

(घ) देश में इस कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किए जाने वाले संभावित क्षेत्रों की संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है और इसे कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;**
**राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं**
**राज्यमंत्री, कारपोरेट कार्य मंत्रालय**

**(राव इंद्रजीत सिंह)**

(क) आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम का शुभारंभ 7 जनवरी 2023 को हुआ था। यह कार्यक्रम ब्लॉक-स्तरीय कार्यक्रमों से प्रेरित है जो पहले से ही कई राज्यों में चालू थे और यह आकांक्षी जिला कार्यक्रम के नमूने (टेंप्लेट) पर आधारित है जिसका शुभारंभ 5 जनवरी 2018 को किया गया था।

आकांक्षी जिलों के कार्यक्रम का उद्देश्य अपेक्षाकृत अल्पविकसित जिलों को उन क्षेत्रों में तेजी से बदलना है जो जीवन की गुणवत्ता या नागरिकों की आर्थिक उत्पादकता में सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम ब्लॉक स्तर पर इस विचार के साथ कि जिलों के भीतर भी कुछ अल्पविकसित क्षेत्र हैं जिन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है और समान टेंपलेट का उपयोग करने की आवश्यकता है।

आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की मुख्य कार्यनीति मौजूदा योजनाओं के अभिसरण पर आधारित है, जिनके पास अपनी स्वयं की फंडिंग व्यवस्था है, इसलिए इस चरण में अतिरिक्त निधि के बड़े प्रवाह की परिकल्पना नहीं की गई है।

(ख) आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम एक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम है। इसमें 27 राज्य और 4 संघ राज्य क्षेत्र शामिल हैं। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की *सूची **अनुलग्नक I** में दी* गई है ।

(ग) जी, हाँ। कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किए जाने वाले ब्लॉकों की पहचान राज्यों के परामर्श से की गई है। राजस्थान, तमिलनाडु और असम में पहचाने गए ब्लॉकों का विवरण ***अनुलग्नक II*** *में दिया गया है*।

(घ) कार्यक्रम उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है जो जीवन की गुणवत्ता या नागरिकों की आर्थिक उत्पादकता में सुधार के लिए महत्वपूर्ण हैं यथा: सामाजिक विकास, स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि, बुनियादी ढांचा, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास। इसके अलावा, यह देखते हुए कि प्रत्येक राज्य की अपनी प्रासंगिक जरूरतें हैं, सभी राज्यों को पहले से चिन्हित क्षेत्रों के अलावा क्षेत्रों को चुनने की स्वतंत्रता है।

(ङ) आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम कोई लक्ष्य निर्दिष्ट नहीं करता है। इसके बजाय, कार्यक्रम में ऊपर (घ) में उल्लिखित विशिष्ट फोकस क्षेत्रों के तहत संकेतकों की एक सूची है, जिसके आधार पर ब्लॉकों की निगरानी की जानी है।

***

**अनुलग्नक I**

**श्रीमती जसकौर मीना: डॉ. कलानिधि वीरास्वामी: श्री कृपानाथ मल्लाह द्वारा आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के संबंध में 08 फरवरी, 2023 को लोक सभा में उत्तर देने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 928 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

**आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सूची**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों का नाम** |
|---|---|
| | **राज्य** |
| 1. | आंध्र प्रदेश |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश |
| 3. | असम |
| 4. | बिहार |
| 5. | छत्तीसगढ |
| 6. | गुजरात |
| 7. | हरियाणा |
| 8. | हिमाचल प्रदेश |
| 9. | झारखंड |
| 10. | कर्नाटक |
| 11. | केरल |
| 12. | मध्य प्रदेश |
| 13. | महाराष्ट्र |
| 14. | मणिपुर |
| 15. | मेघालय |
| 16. | मिजोरम |

| | |
|---|---|
| 17. | नगालैंड |
| 18. | ओडिशा |
| 19. | पंजाब |
| 20. | राजस्थान |
| 21. | सिक्किम |
| 22. | तमिलनाडु |
| 23. | तेलंगाना |
| 24. | त्रिपुरा |
| 25. | उतर प्रदेश |
| 26. | उत्तराखंड |
| 27. | पश्चिम बंगाल |
| **संघ राज्य क्षेत्र** | |
| 28. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह |
| 29. | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव |
| 30. | जम्मू और कश्मीर |
| 31. | लद्दाख |

**अनुलग्नक II**

**श्रीमती जसकौर मीना: डॉ. कलानिधि वीरास्वामी: श्री कृपानाथ मल्लाह द्वारा आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के संबंध में 08 फरवरी, 2023 को लोक सभा में उत्तर देने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 928 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण।**

**राजस्थान, तमिलनाडु और असम राज्यों में चुने गये ब्लॉकों की सूची**

| क्र.सं. | राज्य | ज़िला | ब्लॉक |
|---|---|---|---|
| 1. | असम | बक्सा | तामुलपुर |
| 2. | | बारपेटा | मंडिया |
| 3. | | दरांग | पब- मंगलदाई |
| 4. | | धुबरी | बिर्शिंग-जरुआ |
| 5. | | ग्वालापाड़ा | लखीपुर |
| 6. | | हैलाकांडी | दक्षिण हैलाकांडी |
| 7. | | उदलगुड़ी | भेरगांव |
| 8. | | कछार | लखीपुर |
| 9. | | धेमाजी | मुर्गकॉन्गसेलेक |
| 10. | | दीमा हसाओ | दियांग घाटी |
| 11. | | दीमा हसाओ | दियुंगब्रा |
| 12. | | दीमा हसाओ | जतिंगा घाटी |
| 13. | | दीमा हसाओ | न्यू सांगबार |
| 14. | | कार्बी आंगलोंग | निलिप |
| 15. | | कार्बी आंगलोंग | रोंगमोंगवे |
| 16. | | कार्बी आंगलोंग | सेमेलांग्सो |
| 17. | | एसएस मानकाचर | फेकामारी |
| 18. | | पश्चिम कार्बी आंगलोंग | अमरी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19. | | पश्चिम कार्बी आंगलोंग | चिनथोंग |
| 20. | | पश्चिम कार्बी आंगलोंग | सोचेंग |
| 1. | राजस्थान | बरन | किशनगंज |
| 2. | | धौलपुर | बसेरी |
| 3. | | जैसलमेर | फतेहगढ़ |
| 4. | | करौली | मसलपुर |
| 5. | | सिरोही | आबूरोड |
| 6. | | अलवर | नीमराना |
| 7. | | बांसवाड़ा | सज्जनगढ़ |
| 8. | | बाड़मेर | रामसर |
| 9. | | भरतपुर | वेइर |
| 10. | | भीलवाड़ा | कोटरी |
| 11. | | बीकानेर | कोलायत |
| 12. | | बूंदी | के.पाटन |
| 13. | | चित्तौड़गढ़ | निंभहेड़ा |
| 14. | | चुरू | राजगढ़ |
| 15. | | दौसा | रामगढ़ पचवारा |
| 16. | | डूंगरपुर | जोंथारी |
| 17. | | हनुमानगढ़ | संगरिया |
| 18. | | जालौर | आहोर |
| 19. | | झालावाड़ | खानपुर |
| 20. | | जोधपुर | शेरगढ़ |
| 21. | | नागौर | जायल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22. | | पाली | रानी |
| 23. | | प्रतापगढ़ | पीपलेखूंट |
| 24. | | राजसमंद | भीम |
| 25. | | एस माधोपुर | गंगापुर |
| 26. | | टोंक | पीपलू |
| 27. | | उदयपुर | खेरवाड़ा |
| 1. | तमिलनाडु | अरियालुर | एंडिमादम |
| 2. | | कल्लाकुरिची | कलवारायण पहाड़ियाँ |
| 3. | | करूर | थोगैमाला |
| 4. | | पेरम्बलुर | अलाथुर |
| 5. | | पुधुकोट्टई | तिरुवरनकुलम |
| 6. | | रामनाथपुरम | थिरुवदनई |
| 7. | | रानीपेट | तिमरी |
| 8. | | शिवगंगई | तिरुपथुर |
| 9. | | नीलगिरी _ | कोठागिरी |
| 10. | | थेनकासी | मेलनीलीथनल्लुर |
| 11. | | थिरुवन्नमलाई | जाववधू हिल्स |
| 12. | | तिरुचिरापल्ली | थुरईयूर |
| 13. | | तिरुनेलवेली | नांगुनेरी |
| 14. | | वेल्लोर | के वी कुप्पम |
| 15. | | विल्लुपुरम | थिरुवेनैनलुर |
| 16. | | विरुधुनगर | थिरुचुली |